January – 2022 (Oct-Dec 2021)
Vol. SHQ-BSGUP -003

# BHARAT SCOUTS & GUIDES
## UTTAR PRADESH

HAPPY NEW YEAR
2022

# "तेजल"

त्रैमासिक पत्रिका

"भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
के प्रेरणाश्रोत
पंडित श्रीराम बाजपेई जी"






Online State Council Meeting Date 04.12.2021

# Glimpses of Various Activities



BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
January – 2022 (Oct-Dec 2021)
Vol. SHQ-BSGUP -003

## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
माननीय मंत्री, जल शक्ति
एवं अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सह – सम्पादक**

**कुसुम मनराल**
संयुक्त प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**छवि चतुर्वेदी** – कार्यालय सहायक

# "Loyalty is a feature in a boy's character that inspires boundless hope."

- Lord Robert Baden-Powell



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 4
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 5
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 6
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 7
❖ लेख एवं कहानियां - 20
❖ विज्ञापन - 24
❖ लीडर ट्रेनर्स (स्काउट/गाइड) संपर्क सूत्र - 25



January – 2022 (Oct-Dec 2021)
Vol. SHQ-BSGUP -003

## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



*प्रिय साथियों,*

भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 की त्रैमासिक पत्रिका **''तेजल''** का वर्ष 2021 का यह अन्तिम अंक है। जब तक ''तेजल'' का यह अंक आपके हाथों में पहुँचेगा तब तक नव वर्ष 2022 का आगमन हो चुका होगा। इक्कीसवीं सदी का बाइसवॉ वर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो तथा युवाओं में नवीन उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करे ऐसी मेरी प्रभु से प्रार्थना है।

वर्ष 2021 में पूरा देश कोविड–19 बीमारी के कारण अप्रत्यासित दुःख, दर्द, निराशा तथा त्रासदी से गुजर रहा था तब भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 की टीम ने बड़े साहस, दृढ़ता एवं कर्तव्यपरायणता के साथ शहर–शहर, गॉव–गॉव तथा घरो में जाकर सेवा व समर्पण की अभूतपूर्व मिसाल प्रस्तुत की। चाहे वह कोविड–19 से सुरक्षा, बचाव व देखभाल का जन अभियान हो, राशन व भोजन की मदद् पहुँचानी हो अथवा टीकाकरण अभियान में प्रदेश सरकार के सहयोगी के रूप में कार्य करना हो, हमारे स्काउट और गाइड की युवा टीमों ने कभी सेवाभाव में कमी नहीं होनें दी तथा जन–जन में यह संदेश दिया कि स्काउट सदैव तैयार रहता है।

यही नहीं कोविड की भयंकर त्रासदी के बावजूद यद्यपि औपचारिक रूप से हमारी गतिविधियॉ बाधित रही तथापि हमारे मुख्यालय तथा जिलों के पदाधिकारियों ने आवश्यकतानुसार ऑनलाइन अथवा नियमित प्रशिक्षण के काफी कार्यक्रम सम्पन्न किये जिसके लिये मैं सभी को हार्दिक बधाई देता हूँ।

इतनी अधिक सीमाओं के बावजूद हमारा स्काउट तथा गाइड का नेटवर्क स्कूल–कालेज की परिधि से बाहर निकलकर समाज के अन्य वर्गों में भी विस्तृत हुआ। साथ ही हमने अपने प्रयागराज तथा शीतलाखेत स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों का कायाकल्प करनें में भी काफी सफलता प्राप्त की। प्रथम बार स्काउट और गाइड ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य विकास योजना (DDU-GKY) के अन्तर्गत युवाओं के लिए दो ट्रेड्स (Trades) में प्रशिक्षण प्रारम्भ किये। जिसमें 540 युवक/युवतियों को प्रशिक्षित किया जाना है ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। रोजगारोन्मुख कौशल्य विकास का यह प्रशिक्षण उत्कृष्ट आधारभूत सुविधाओं से युक्त प्रयागराज स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रचलित है।

किसी भी राष्ट्र की सर्वाधिक बहुमूल्य धरोहर उसकी युवाशक्ति होती है। नवीन वर्ष 2022 में संस्था का उद्देश्य कम आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के साथ–साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी उपस्थिति को बढ़ाना है तथा रोवर्स/रेंजर्स की इकाइयों में बृद्धि करना है। मुझे प्रसन्ता है कि प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों ने इस संबंध में कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है। मुझे आशा है कि शीघ्र ही इसके अपेक्षित परिणाम सामने आयेगें।

प्रिय साथियों, हमारी संस्था एक ऐसी संस्था है जो युवा पीढ़ी के चरित्र निर्माण, जनहित एवं देशप्रेम में दशकों से संलग्न है। हमारा लक्ष्य स्काउट और गाइड के कार्यक्रमों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के साथ जोड़कर एक ऐसी युवा पीढ़ी को तैयार करना है जो सत्य निष्ठा के साथ अपने दायित्वों के प्रति सजग, सचेत तथा क्रियाशील हो। ताकि वह छात्र जीवन से ही उत्कृष्ट जीवन शैली के प्रति जागरूक रहकर भारत के तथा उ0प्र0 के सामाजिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक जीवन के निर्माण में सशक्त साझेदारी निभा सके।

मैं वर्ष 2022 के आगमन पर आप सभी को इस महान संस्था के कार्य में योगदान तथा साझेदारी के लिए आमंत्रित करता हूँ। ताकि भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 एक सशक्त टीम के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करनें में समर्थ हो सके। साथ–साथ मै अपने मा0 अध्यक्ष, श्री महेन्द्र सिंह जी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ कि उन्होनें सदैव हमारी अपेक्षा से अधिक स्नेह, आशीर्वाद तथा नेतृत्व हमें प्रदान किया।

एक बार मैं पुनः आप सभी को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।


***नववर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।***

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0



## एक झलक ...

### प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत




# प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा) में निर्माण कार्य प्रगति पर



















## एक झलक ...

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज


















## प्रादेशिक कार्यक्रम

### ऑनलाइन प्रादेशिक परिषद बैठक

दिनांक 04 दिसम्बर 2021 को मा० अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०, डा० महेन्द्र सिंह, मा० मंत्री, जल शक्ति, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में संस्था की प्रादेशिक परिषद की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई| बैठक में मा० अध्यक्ष जी ने कहा कि प्रयागराज एवं शीतलाखेत स्थित प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र बहुत अच्छी तरह से विकसित हो रहें हैं | इसी प्रकार गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ स्थित प्रादेशिक मुख्यालय को भी सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है | उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपनी सांसद निधि में से प्रादेशिक मुख्यालय का कार्यालय सुव्यवस्थित करने हेतु रूपये 10 लाख देने हेतु तत्पर हैं | उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि संस्था के पदाधिकारी इसका एस्टीमेट बनवा कर उनको प्रस्तुत करें | उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र, शीतलाखेत में स्काउट/गाइड के लिए हॉस्टल के साथ ही भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० संस्था के सदस्यों के रुकने की व्यवस्था भी की जाये |

मा० प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय ने अवगत कराया कि शीतलाखेत, अल्मोड़ा स्थित प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण तीव्र गति से प्रगति पर है एवं वर्ष 2022 में यह प्रशिक्षण केंद्र, प्रशिक्षण शिविर संपन्न कराने हेतु पूर्ण विकसित हो जाएगा |



## जनपदीय कार्यक्रम

### मण्डल – आगरा

### जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था आगरा के तत्वाधान में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक, आगरा मंडल पर संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश अग्रवाल जी के दिशानिर्देशन में संपन्न हुआ |



दिनांक 06 से 10 दिसम्बर 2021 तक आगरा जनपद में रोवर/रेंजर राज्य पुरस्कार जांच शिविर स्थान आर०बी०एस० कॉलेज खंदारी, आगरा में संपन्न हुआ।





दिनांक 01 से 07 दिसम्बर तक आगरा जनपद में बेसिक/एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स प्रशिक्षण शिविर स्थान राधा बल्लभ इंटर कॉलेज अमर विहार, दयाल बाग आगरा में संपन्न हुआ।




जिला संस्था आगरा के तत्वाधान में दिनांक 29 से 31 दिसम्बर 2021 की अवधि में जनपदीय रैली का आयोजन बालमुकुन्द रामचंद्र बजारी सरस्वती शिशु मन्दिर, अरतौनी, रुनकता, आगरा में हुआ | जिसमे विभिन्न संवर्गो में पुरस्कार वितरित किये गये |



### जनपद - मथुरा

दिनांक 02 अक्टूबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 वी जयंती और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर शहीद भगत सिंह पार्क से होली गेट तक नगर भ्रमण रैली का आयोजन किया गया जिसमें “स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान” के तहत "स्वच्छता ही सेवा" के नारों के साथ तथा फिट इंडिया फिट इंडिया मिशन के तहत रैली निकाली गई | रैली का शुभारंभ जिला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राजेंद्र सिंह और जिला मुख्य आयुक्त डॉ कमल कौशिक जी के मार्गदर्शन में जिला संस्था मथुरा के सभी स्काउट्स और रोवर्स ने रैली में प्रतिभाग किया और बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।



### जनपद – फिरोजाबाद

जिला संस्था फिरोजाबाद के तत्वाधान में आज़ादी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया |



# मण्डल – मेरठ

## जनपद – मेरठ

मेरठ की क्रान्ति धरा को खेल नगरी के रूप में स्थापित करते हुए आदरणीय मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी ने पैराओलंपिक खिलाडियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइउ उत्तर प्रदेश जनपद मेरठ की टीम ने जिला प्रशासन के निर्देशन मे एवं जिला आयुक्त स्काउट श्री सुशील कुमार शर्मा, जिला आयुक्त गाइड डा० मंजू सिंह के नेतृत्व में माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आये स्काउट/गाइड /रोवर /रेंजर ने 11 चौराहो पर देश का मान बढाने वाले इन खिलाडियों का स्वागत व अभिनन्दन किया | इस क्रम में समारोह स्थल पर स्काउट गाइड द्वारा संगीतमय रामायण आधारित कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वी०वी०आई०पी० पंडाल में डा० गौरव पाठक (जिला सचिव) के साथ प्रशासनिक डयूटी पर संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मण्डल मेरठ श्री ओंकार शुक्ल जी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गिरिजेश कुमार चौधरी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट मेरठ व सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त श्रीमति रेखा शर्मा का सानिध्य मिला और स्काउट गाइड कार्यालय से श्री सोमेन्द्र सिंह श्रीमती पूनम रानी, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री सोनू कुमार, श्री संजय कुमार गुप्ता, श्रीमती रिहाना सुल्तान, श्रीमती शशि सागर, डा० सुनिता, श्री सुबोध कुमार, श्री विकास कुमार, आदि ने सहयोग प्रदान किया।







## जनपद – बागपत

जनपद बागपतः-उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में "पर्यावरण बचाओ" कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के स्काउट्स व गाइड्स ने पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधों को गोद लेने का एक कार्यक्रम श्री यमुना इ0 कॉलिज बागपत में जनपद स्तर पर मनाया। वहीं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भी जनपद के स्काउट-गाइड ने जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार रैली में प्रतिभाग कर जागरूकता अभियान में प्रतिभाग किया जिसकी जिलाधिकारी महोदय ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिला परिषद की बैठक अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में आहूत हुई।जिसमें सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा,जिला मुख्यायुक्त डॉ० वीरेन्द्र सिंह, जिला आयुक्त स्काउट श्री जयपाल शर्मा,आयुक्त गाइड श्रीमती कमलेश कौशिक,जिला सचिव श्री उमेश कुमार ,जिला कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद ,जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री अशोक बंधु भारद्वाज,जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती शशिबाला, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) डॉ महेश मुद्गल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती पवित्रा शर्मा सहित परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।




## जनपद – गौतमबुद्ध नगर

दिनांक 21 दिसम्बर 2021 को किसान इंटर कॉलेज, पारसौल, गौतम बुद्ध नगर में 2 दिवसीय स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया | जिसमें जिला मुख्यायुक्त डॉ.राकेश राठी जी, स्काउट कमिश्नर, गाइड कमिश्नर, जिला सचिव स्काउट /गाइड, जिला संगठन कमिश्नर उपस्थित रहे ।

# मण्डल – बस्ती

## जनपद – बस्ती

उत्तर प्रदेश भारत और गाइड की तरफ से सांसद खेल महाकुम्भ के उद्घाटन समारोह में आये मुख्य अतिथि मा० गृहमंत्री अमित शाह जी और मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्वागत स्काउट गाइड की तरफ से जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट कुलदीप सिंह ने किया| माननीयों के आगमन पर व्यवस्था सम्बंधित योगदान स्काउट गाइड वालंटियर्स द्वारा किया गया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल द्वारा जारी पत्र के क्रम में जिला मुख्यायुक्त डी एस यादव के नेतृत्व में जनपद के स्काउट गाइड की टीम ने सहयोग किया, जिला स्काउट कमिश्नर शिव बहादुर सिंह, गाइड कमिश्नर नीलम सिंह, सचिव डॉ. हरेंद्र सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सुरेश तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट कुलदीप सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सत्या पाण्डेय, जिला संगठन कमिश्नर अमित कुमार शुक्ल, सरोज सिहं गाइड कैप्टन, अमरचंद वर्मा, ट्रेनिंग काउंसलर रामकुमार निषाद, नेहा गुप्ता, राजमन शर्मा, राम सुधाकर पाण्डेय, शालिनी गुप्ता, शबनम कुरैशी, सचिन यादव, संकल्प श्रीवास्तव, शायमा, सुम्बुल, मनिषा, नुरसबा, सुष्मिता, अखिलेश प्रजापति, निखिल चौधरी, हरिओम आदि की सहभागिता रही | जी आर एस इंटर कॉलेज, के आई सी, मुडेरवां इंटर कालेज, डारीडीहा कलवारी से स्काउट, बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज से, पाडेय कन्या इण्टर कॉलेज से, आर्य कन्या से,ए पी एन से रोवर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरसिया के स्काउट गाइड की सहभागिता रही।




## जनपद – सिद्धार्थनगर

बेसिक शिक्षा परिषद जनपद सिद्धार्थ नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोगिया में खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री विजय आनंद जी की अध्यक्षता तथा प्रधानाध्यापक श्री रामप्रताप शर्मा एवं एस आर जी श्री अंशुमान सिंह के कुशल आयोजन के द्वारा स्काउट एवं गाइड के प्रवेश कोर्स का दिशा निर्देश महेश कुमार जिला स्काउट मास्टर सिद्धार्थ नगर ने किया | जिसमें छात्रों को स्काउट/गाइड को आन्दोलन की जानकारी, प्रतिज्ञा और नियम, सिद्धांत चिन्ह, सलामी, बांया हाथ मिलाना, एक माह तक भलाई कार्य की डायरी तैयार करना, वर्दी, राष्ट्रीय ध्वज, भारत स्काउट /गाइड ध्वज, विश्व स्काउट/गाइड ध्वज, राष्ट्रगान, प्रार्थना एवं झण्डा गान, ट्रुप मीटिंग, उद्देश्यपूर्ण बाहरी गतिविधि एवं दीक्षा संस्कार के साथ प्रगतिशील प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस अवसर पर वहां के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



## जनपद – संतकबीर नगर

जिला संस्था संतकबीर नगर ने हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज, खलीलाबाद के स्काउट/गाइड के द्वारा शहर के मुख्य मार्ग पर पाँच किलोमीटर लंबी रैली निकाली| रैली का नेतृत्व जिला सचिव श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव सहायक आयुक्त श्री अभिषेक कुमार सिंह, श्री योगेंद्र सिंह एवं दल नायक सुशांत यादव ने किया | मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला संस्था संत कबीर नगर के तत्वाधान में हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के स्काउट और गाइड ने विविध कार्यक्रम संपन्न कराया | सर्वप्रथम मतदाता पुनरीक्षण अभियान के लिए जागरूकता उसके पश्चात मतदाता जागरूकता एवं मतदाता जागरूकता दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया | इस अवसर पर जिलाधिकारी संत कबीर नगर, अपर जिलाधिकारी खलीलाबाद जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गिरीश कुमार सिंह, जिला सचिव श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त स्काउट श्री अभिषेक कुमार सिंह एवं जोगेंद्र सिंह दल नायक, सुशांत यादव , सूरज यादव प्रियांशु वर्मा राहुल चौधरी एवं अंबिका मौर्य की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ |



## मण्डल – मुरादाबाद

### जनपद – बिजनौर

जनपद बिजनौर में जिला मुख्यायुक्त श्री राजेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर की देखरेख और सत्यपाल सिंह लीडर ट्रेनर के निर्देशन में अक्टूबर 2021 से दिसम्बर 2021 के मध्यान्तर में मिशन शक्ति के अन्तर्गत राजकीय बालिका इ० का० बिजनौर, के० पी० एस० इ० का० बिजनौर, एम० डी० के० वी० इ० का० नजीबाबाद, मौ० लीजौहर गर्ल्स इ० का० नजीबाबाद, श्री साई इण्टर का० रुपपुर, लोकप्रिय इ० का० केलनपुर, विवेकानन्द इ० का० दरबाडा के स्काउटस और गाइडस ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिला गाइड आयुक्त श्रीमती डा० निर्मला शर्मा प्रधानाचार्या रा० बा० इ० का० बिजनौर ने जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री चन्द्रहास से सड़क दुर्घटना से बचाव पर नगर क्षेत्रों में स्काउटस और गाइडस द्वारा रैली निकाल कर जागरूकता फैलाने का कार्य करवाया। जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जैसे श्री साई इण्टर का० रुपपुर, लोकप्रिय इ० का० केलनपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के लिए शपथ दिलवाई । श्रीमती शबाना परवीन प्रधानाचार्या, नजीबुद्दोला क० इ० का० नजीबाबाद व राजकीय बालिका इ० का० बिजनौर, के० पी० एस० इ० का० बिजनौर के यूनिट ने अमृत महोत्सव् के महत्व को समझाने के लिए रंगोली, कला प्रतियोगिता कराई। जनपद में माँ गंगा के किनारे अनेकों स्थानो पर गंगा स्नान मेला लगते हैं जिसमें विदुरकुटी तथा बैराज प्रमुख हैं स्काउटस ने खोया पाया बूथ लगाए। आर० बी० एस० इ० का० नागल के भरत स्काउट दल ने नागल के ग्राम प्रधान के सहयोग से नागल के समीप गंगा घाट पर श्रद्धालुओं हेतु 3 दिवसीय सेवा शिविर आयेजित किया।



### जनपद – अमरोहा

कौरवो के समय से यह पर्व अमरोहा जनपद पतित पावनी माँ गंगा के ग्राम तिगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होता रहा हैं | इस वर्ष मेले का आयोजन 10 से 20 नवम्बर 2021 तक मेले का आयोजन




शासन और प्रशासन के द्वारा किया गया | गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद शाखा अमरोहा के द्वारा बृहद स्तर पर समाज सेवा का अविस्मरणीय कार्य किया गया | इस वर्ष जनपद के अलग अलग विद्यालयों और शिक्षा संस्थाओ से आये लगभग 645 स्काउट्स और रोवर्स ने प्रतिभाग किया | इस वृहद समाजसेवा को संपन्न कराने में जनपद अमरोहा के प्रथम नागरिक सम्मानीय जिला पंचायत अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध समाजसेवी श्री ललित तंवर और माननीय जिलाधिकारी अमरोहा श्री बाल कृष्ण त्रिपाठी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ | जनपद संस्था के अध्यक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रामाज्ञा कुमार ने स्काउट टीम को हरी झंडी दिखाते हुए ध्वजारोहण कर समाजसेवा शिविर की शुरुआत की तथा माइक हाथ मे लेकर सभी श्रद्धालुओं, आगंतुकों तथा व्यापारी भाइयों को कोरोना से सुरक्षित रहने, मास्क का सही उपयोग करने तथा कोविड– 19 की गाइड लाइन्स का पालन करने की अपील की। स्काउट के वॉलिंटियर्स ने श्रद्धालुओं, आगंतुकों तथा व्यापारी भाइयों को जागरूक करते हुए मास्क वितरण किया | ज़िला मुख्यायुक्त तथा जे० एस० हिन्दू इण्टर कॉलेज, अमरोहा के प्रधानाचार्य डॉ०जी० पी० सिंह और जिला आयुक्त स्काउट तथा ए0 के0 के0 इण्टर कॉलेज अमरोहा के प्रधानाचार्य श्री आदिल अब्बासी ज़िला सचिव, श्री ज़ैद बिन अली ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस मेले को राजकीय घोषित किया गया हैं | लेकिन कोरोना ने हमें कोई ढील नहीं दी है। उससे अपने आप को बचाना है। घरों से अनावश्यक न निकलें, दो ग़ज़ की दूरी बनाए रखें। सरकार के इस अभियान में सहयोग करें। शिविर संचालक एवं कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार, सह शिविर संचालक एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अतुल कुमार कौशिक, सूचना केन्द्र प्रभारी श्री महेश चन्द्र शर्मा, सह सूचना केन्द्र प्रभारी श्री हरेन्द्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री अजय कुमार, ट्रेनिंग काउंसलर श्री अजय सिंह चौहान तथा समस्त स्काउट मास्टर्स और समस्त स्काउट्स और रोवर्स के साथ मिलकर एक वृहद मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया |

## मण्डल – अयोध्या

### जनपद अमेठी

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था के तत्वाधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमेठी के प्रांगण में दिनांक 25 से 27 अक्टूबर 2021 की अवधि में तीन दिवसीय प्रवेश, प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया | जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी, अमेठी श्री संजीव कुमार मौर्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, अमेठी श्री अनिल साहू रहे । मुख्य अतिथि जी ने कहा कि स्काउटिंग समाज निर्माण हेतु एक ऐसा अनुशासित संगठन है जो समाज में फैली कुरीतियों को दूर करके समाज को अनुशासन की कड़ी में बांधती है। कार्यक्रम की संयोजिका/प्रधानाचार्या/जिला कमिश्नर (गाइड) डॉ0 फूलकली गुप्ता ने कहा कि स्काउट एवं गाइड के द्वारा अनन्य देशभक्त तैयार होते हैं | शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) शशांक यादव और गरिमा यादव, डी० ओ0 सी0 (जी0) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में ट्रेनिंग काउंसलर शुभम गुप्ता, फिरदौस खान, शिवम यादव, प्रियंका, साजिदा आदि उपस्थित रहे |



## मण्डल – अलीगढ़

### जनपद – हाथरस

जनपद हाथरस में एक दिवसीय जनपदीय स्काउटर और गाइडर संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन श्री जवाहर स्मारक इंटर कॉलेज, मितई, हाथरस मे किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष /जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला मुख्यायुक्त/उप शिक्षा निदेशक डॉ ऋचा गुप्ता जी ने संगोष्ठी एवं कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने कहा कि आप सभी पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराते हुए शुल्क को जिला संस्था खाते में अविलंब जमा करें साथ ही उप शिक्षा निदेशक डॉ ऋचा गुप्ता जी ने कहा कि जनपद हाथरस में स्काउट गाइडिंग की गति में बढ़ोतरी के साथ आप सभी आजीवन सदस्यता में सहयोग प्रदान करें साथ ही स्काउट गाइड की गतिविधियों में बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लें। इस अवसर पर राजेश कुमार प्रजापति सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर अलीगढ़ मंडल ने प्रगतिशील प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया और कहा कि आप सभी अपना व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्य भी आगे बढ़ाते रहें जिससे जनपद व मंडल का नाम प्रदेश में अग्रणी हो सके। इस अवसर पर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रगतिशील प्रशिक्षण, ब्वॉयगर्ल प्रोग्राम एवं दक्षता पदक व अगले माह होने वाले बेसिक एवं एडवांस कोर्स के रजिस्ट्रेशन, पंजीकरण, नवीनीकरण से संबंधित सूचनायों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सोनाली वार्ष्णेय जिला संगठन कमिश्नर गाइड ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव/प्रधानाचार्य श्री ओमवीर सिंह जी ने किया।इस अवसर पर जनपद से आए हुए जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से यूनिट लीडर एवं स्काउट गाइड उपस्थित रहे।



# मण्डल – कानपुर

## जनपद - कानपुर नगर



दिनांक 13 दिसंबर 2021 को भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था कानपुर नगर के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त श्री आर॰ सी॰ शर्मा की अध्यक्षता में स्काउटर गाइडर संगोष्ठी हुई जिसमें जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती पूनम सिंह, कोषाध्यक्ष श्री बी॰के॰ त्रिपाठी, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर पूनम संधू, संयुक्त सचिव श्रीमती शारदा शुक्ला, सहायक सचिव श्री अजय प्रकाश मिश्रा, सीनियर गाइड कैप्टन श्रीमती मिथिलेश पांडे, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) त्रिवेंद्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती प्रीति तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अनुज गुप्ता, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती सुषमा पांडे, श्रीमती नीता त्रिपाठी, लीडर ट्रेनर (गाइड) श्री संतोष कुमार गुप्ता, क्वार्टर मास्टर श्री कौशल कुमार एवं विभिन्न स्कूल कॉलेजों से आए हुए स्काउटर और गाइडर उपस्थित रहे |




## जनपद - कन्नौज

कन्नौज जनपद में श्रीमती सुमन लता यादव द्वारा अपनी यूनिट की बुलबुल द्वारा छिबरामऊ क्षेत्र में मतदाता अभियान के ऊपर जागरूकता रैली निकाली गई |



## जनपद – फरुखाबाद

दिनांक 15.11.2021 को जनपद फर्रुखाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में जनपद की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक बुलाई गई । जिसमें जनपद में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री आदर्श कुमार त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर झांसी एवं कानपुर मंडल पूनम संधू के नेतृत्व में कुछ परिवर्तन किए गए | सर्वसम्मति से उन परिवर्तनों की स्वीकृति के पश्चात कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया । इस अवसर पर जिला मुख्ययुक्त श्री आदर्श कुमार त्रिपाठी जी ने भारत स्काउट गाइड,उत्तर प्रदेश की आजीवन सदस्यता को सहर्ष स्वीकार किया |

## जनपद - औरैया

जिला संस्था औरैया के तत्वाधान में रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 24 रेंजर एवं 24 रोवर्स ने प्रतिभाग किया । जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री प्रदीप त्यागी एवं जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती अंजना देवी ने प्रशिक्षण के साथ-साथ जांच करते हुए मूल्यांकन किया । जिला बेसिक स्काउट मास्टर श्री अरुण कुमार त्रिपाठी ने उक्त प्रशिक्षण में पूर्ण सहयोग प्रदान किया | जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कोषाध्यक्ष एवं जिला सचिव ने जांच शिविर का निरीक्षण किया |



# मण्डल – लखनऊ

## जनपद – हरदोई

जिला संस्था हरदोई द्वारा दिनांक 26 से 31 दिसंबर 2021 तक छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज हसनापुर संडीला में टोली नायक शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जनपद के 15 विद्यालयों के 122 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक माननीय रामपाल वर्मा एवं भारत स्काउट और गाइड उ० प्र० के प्रादेशिक परिषद के उपाध्यक्ष आर०पी० मिश्र के द्वारा किया गया। इस पांच दिवसीय शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट्स, गाइड्स में नेतृत्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया और प्रथम सोपान से लेकर तृतीय सोपान तक के पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान किया । शिविर के अंतिम दिवस में जिला मुख्यायुक्त/ जिला विद्यालय निरीक्षक श्री वी०के० दुबे एवं भारत स्काउट और गाइड जिला परिषद के अध्यक्ष श्री अभय शंकर गौड़ ने का निरीक्षण कर शिविर का समापन किया ।समापन के अवसर पर ही जिला संगठन आयुक्त रमेश चंद्र वर्मा, जिला स्काउट मास्टर डॉक्टर पंकज वर्मा, शिविर संचालक डॉ शिवाकांत कुशवाहा के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसको जिला विद्यालय निरीक्षक वी०के० दुबे एवं अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ जी ने हरी झंडी देकर रवाना किया। मो० लियाकत अली, सैयद रफत अली, शैलेश प्रकाश, आकाश कश्यप, खुशनूर बानो, निशा, आन सिंह, परशुराम वर्मा, उमाशंकर, सरवन कुमार, अंकुल गौतम आदि ने प्रशिक्षण शिविर एवं मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार जी ने समस्त अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त कर अभिनंदन किया |



## जनपद – उन्नाव

श्री दिव्यांशु पटेल, मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद उन्नाव में जिला मुख्यायुक्त के पद पर नियुक्त किया गया | श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (गाइड) के



द्वारा जिला मुख्यायुक्त का अधिकार पत्र प्रदान किया गया | श्री पटेल के अनुसार स्काउट सेवा का रंगमंच मानवता का प्रवेश द्वार है जिसके माध्यम से प्रशिक्षित तैयार हो रहे हैं | वे भारत के कर्णधार नए नियमों को मानवता, प्रेम के साथ नैतिकता भी सिखाएंगे | स्काउट गाइड अनुशासित संस्था है जिसके माध्यम से बच्चे पढ़ाई के सासाथ अन्य गतिविधियां भी सीखते हैं |

## जनपद – रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड संस्था का स्थापना दिवस 7 नवंबर को स्काउट भवन में धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में स्काउट गाइड रोवर रेंजर एकत्र हुए। वरिष्ठ लीडर ट्रेनर लक्ष्मी कांत शुक्ला, श्री श्रीराम यादव, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर श्री शत्रुघ्न सिंह परिहार जिला ट्रेनिंग कमिश्नर गाइड श्रीमती साधना शर्मा वरिष्ठ लीडर ट्रेनर श्रीमती निर्मला देवी जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती मोहिता उपाध्याय सहायक लीडर ट्रेनर मालती वर्मा अर्चना देवी सहायक लीडर ट्रेनर माता प्रसाद वर्मा ट्रेनर श्री डॉक्टर संतोष कुमार पटेल शीतल मिश्र प्रतिमा सिंह के साथ ही बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह व आजीवन सदस्यों के प्रतिनिधि श्री राधेश्याम सिंह उपस्थित थे । इस अवसर पर बच्चों ने रंगोली के माध्यम से स्थापना दिवस का चित्र भी बनाया और प्रतिज्ञा दोहराई गयी।



# मण्डल – चित्रकूट

## जनपद – बाँदा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बाँदा के तत्वाधान में जे पी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू, बाँदा में दिनांक 20 से 22 दिसम्बर 2021 की अवधि में जनपदीय रैली का आयोजन किया गया |



## जनपद – चित्रकूट

दिनांक 18 दिसम्बर 2021 को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय, कर्वी, चित्रकूट में रोवर रेंजर प्रभारी की बैठक आदरणीय डॉक्टर राजेश कुमार पाल प्राचार्य के निर्देशन में हुई | इसमें सर्वप्रथम प्रार्थना के बाद परिचय के साथ रोवर रेंजर पंजीकरण, प्रगतिशील प्रशिक्षण, रोवर रेंजर प्रभारी बेसिक कोर्स के प्रशिक्षण के संबंध में वार्ता हुई | राज्यपाल महोदय और शासन द्वारा निर्गत पत्र पर विस्तृत चर्चा हुई | इस बैठक में चित्रकूट जनपद के 13 महाविद्यालयों के रोवर प्रभारी उपस्थित हुए | बुंदेलखंड विश्वविद्यालय रोवर रेंजर समागम हेतु तैयारी कर रहे रोवर रेंजर का निरीक्षण किया गया | महाविद्यालय के रोवर प्रभारी डॉक्टर वंश गोपाल एवं डॉक्टर सीमा कुमारी सुरेश प्रसाद जिला सचिव एवं जानकी शरण स्काउट मास्टर उपस्थित रहे |



## जनपद – हमीरपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था हमीरपुर के तत्वाधान में दिनांक- 16 से 20 दिसम्बर 2021 की अवधि में ऊँ हरिहर महाविद्यालय, कुण्डौरा, हमीरपुर में विशेष स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया | जिसमें श्री हरिओम सिंह सेंगर जिला पंचायत सदस्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि- " आज के प्रशिक्षु शिक्षक प्राथमिक विद्यालयों मे नियुक्त होकर भारत के कर्णधार नौनिहालो को मानवता, प्रेम के साथ नैतिकता भी सिखायेगे ।प्रशिक्षण में लीडर ऑफ द कोर्स अकबर अली लीडर ट्रेनर स्काउट ने ध्वज शिष्टाचार, स्काउट-गाइड प्रार्थना, फ्री बीइंग मी" स्काउटिंग-गाइडिंग के आधारभूत सिद्धान्त, स्काउटिंग का इतिहास, स्काउटिंग-गाइडिंग की उत्पत्ति के साथ ही कब/बुलबुल, स्काउट-गाइड, रोवर्स-रेंजर के विकास के कार्यक्रम यूनिट लीडर का प्रगतिशील प्रशिक्षण, गांठ व बन्धन वर्दी, स्मार्टनेस, गुड आर्डर एवं संकेत, दिशा ज्ञान, खोज के चिन्ह, अनुमान, कैम्पिंग, सर्फ स्मॉट, प्राथमिक सहायता की जानकारी प्रदान की गयी।




## जनपद – महोबा

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद महोबा के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज चिचारा, महोबा में प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमारी पूजा सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एंव पं. लालबहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की । कार्यक्रम में श्री सुनील कुमार शुक्ला ,स्काउट प्रभारी तथा कुमारी निधि अग्रवाल गाइड कैप्टन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री जयप्रकाश दक्ष द्वारा किया गया |



# मण्डल – झाँसी

## जनपद – झाँसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशानुसार प्रत्येक जनपद में मिशन शक्ति, अभियान के रूप में चलाया जा रहा है झांसी जनपद के जिलाधिकारी ने इस मिशन शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रधानाचार्य एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती पूनम संधू को इस कार्य को आगे ले जाने हेतु निर्देश प्रदान किए थे, जिसके अंतर्गत जनपद झांसी की जिला कमिश्नर गाइड श्री कल्पना सिंह ने अपनी गाइड कंपनी को कई तरीके से स्वाबलंबी, आर्थिक सुदृढ़ता एवं आत्मरक्षा से संबंधित गतिविधियों में बढ़ावा देते हुए प्रेरित किया है। उन्होंने अपने विद्यालय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में गाइड कंपनी को जूडो कराटे, योगा, आत्मरक्षा से संबंधित कई दांवपेच एवं रक्षाबंधन हेतु राखी, द्वार बंद, मेजपोश में कढ़ाई एवं पेंटिंग द्वारा सजावट, विभिन्न तरीके के प्लास्टिक और साटन के कपड़ों के फूल बनाना तथा मटकीयों को सुंदर सजाते हुए शोपीस के रूप में बनाकर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया|



## जनपद - जालौन

जनपद जालौन में जिलाधिकारी महोदय श्रीमती प्रियंका निरंजन जी के निर्देशानुसार स्काउट / गाइड द्वारा मतदाता अभियान जागरूकता रैली में डेढ़ सौ स्काउट/ गाइड ने बैनर एवं प्ले कार्ड में लिखे जागरूकता अभियान से संबंधित स्लोगन के साथ प्रतिभाग किया। रैली सर्वोदय इंटर कॉलेज से होती हुई जिलाधिकारी कार्यालय जाकर समाप्त हुई । रैली के पश्चात मतदाता जागरूकता पर आधारित नाटक, गीत, स्काउट गाइड ने प्रस्तुत किया जालौन एसपी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभय श्रीवास्तव, डीडीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्ययायुक्त श्री भगवत पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रेमचंद् , सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर



पूनम संधू, जिला सचिव श्री राकेश निरंजन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री मुकेश बाबू सक्सेना, जिला संगठन कमिश्नर श्री व्यंजना सिंह, सहायक जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती नौशाद परवीन ,एलटी गाइड श्रीमती अर्चना व्यास,स्काउट मास्टर रजत कुलश्रेष्ठ, श्री सौरभ श्रीवास्तव ,सहायक आयुक्त स्काउट श्री प्रदीप निरंजन, आई०टी० समन्वयक, हिमांशु ने रैली मैं सहयोग प्रदान किया।

## जनपद – ललितपुर



जनपद ललितपुर में नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश, निपुण एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया । जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राम शंकर , जिला कमिश्नर स्काउट श्री ओम प्रकाश शास्त्री, जिला सचिव श्री अजब सिंह, जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती पूनम मलिक, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री राजीव निरंजन, जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती मीना चौहान, जिला कोषाध्यक्ष, श्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी पूर्व जिला सचिव श्री सज्जन कुमार शर्मा उपस्थित रहे। आईटी कोऑर्डिनेटर दीपचंद एवं ट्रेनिंग काउंसलर श्री भरत रजक ने सहयोग प्रदान किया। उक्त शिविर 14 दिसंबर से 18 दिसंबर 2021 की अवधि में ध्वजारोहण के साथ संपन्न हुआ। जिसमें शिविर से संबंधित गतिविधियां कराते हुए सभी युवा स्काउट गाइड रोवर रेंजर को साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

## मण्डल – आजमगढ़

### जनपद बलिया

20 दिसंबर को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड बलिया के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान की रैली कुंवर सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के मुख्य द्वार से एसपी आवास ,जिलाधिकारी आवास, टाउन डिग्री कॉलेज चौराहा, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज और कुंवर सिंह चौराहा होते हुए कुंवर सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज बलिया पहुंची। रैली मे स्काउट्स एवं गाइड्स ने मतदाता जागरूकता संबंधित नारे लगाए और रास्ते में जितने भी लोग मिले उनको इन नारों के माध्यम से जागरूक किया । रैली को कुंवर सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जिला संस्था की मुख्यालय आयुक्त डॉ निशा राघव, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सहायक कमिश्नर शशी कुमार सिंह, निर्भय नारायण सिंह, जिला संगठन कमिश्नर सौरभ कुमार पाण्डेय तथा जिला सचिव राजेश कुमार सिंह ने स्काउट गाइड की पूरी टीम को मार्गदर्शन देते हुए रैली को सकुशल संपन्न कराया।



## मण्डल – मिर्ज़ापुर

### जनपद – मिर्ज़ापुर

पतित पावनी मां गंगा नदी को स्वच्छ करने का संदेश लेकर गंगा मशाल यात्रा की जनपद मिर्जापुर पहुचने पर स्काउट गाइड द्वारा उनका भव्य स्वागत स्काउट बैंड के साथ किया गया। गंगा मशाल यात्रा जनपद में गंगा नदी पर बने शास्त्री पुल पर हुई । इस अवसर पर श्री महेंद्र नाथ सोनकर, श्री कुलदीप शुक्ला ,मनोज कुमार नीलम, अमित कुमार प्रजापति महेंद्र कुमार, रवि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में राजस्थान इंटर कॉलेज मिर्जापुर, श्री शिव इंटर कॉलेज मिर्जापुर, बसंत विद्यालय इंटर कॉलेज मिर्जापुर के स्काउटस द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया |

इसके पूर्व महेश भट्टाचार्य इंटर कॉलेज अकोढ़ी में भी स्काउट गाइड के द्वारा गंगा मशाल यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।



## मण्डल – प्रयागराज

### जनपद - प्रयागराज




जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम के अंतर्गत भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था प्रयागराज के चयनित राज्य पुरस्कार स्काउट/गाइड को एम एन आईटी प्रयागराज के मल्टीपरपज हाल में मुख्य आयुक्त मुख्य /विकास अधिकारी महोदय द्वारा मेडल पहनाकर एवं अपने कर कमलों से राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# मण्डल – बरेली

## जनपद – पीलीभीत

दिनांक 07 नवंबर 2021 को भारत स्काउट और गाइड का 71वां स्थापना दिवस स्काउट भवन, गांधी स्टेडियम, पीलीभीत पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्काउट/गाइड ने एकत्रित होकर परिसर में श्रमदान किया। इसके पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया और स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल और भारत में स्काउटिंग के जन्मदाता पंडित श्रीराम बाजपेई के चित्र पर स्काउट गाइड ने पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता, स्केच प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट अभिषेक पांडे ने किया। इस अवसर पर जिला संगठन कमिश्नर गाइड शालिनी पांडे स्काउट शिक्षक मुस्ताक अली, ब्लॉक स्काउट मास्टर वीर सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर योगेश मौर्य, अर्जुन सिंह, सचिन पटेल, निशा मौर्य, गार्गी गंगवार, नवनीत मिश्रा, शिखा राजपूत, चंद्रकली, सौम्या, अविरल, अभिषेक प्रजापति, यशपाल, रोहित, अभिजीत, गुनगुन, शहनाज, मो.शान, नीतू आदि उपस्थित रहे।







## जनपद – बदायूं

जनपद बदायूँ द्वारा बदायूँ में लगने वाले रूहेलखण्ड के मिनी कुम्भ मेला ककोड़ा में स्काउट के खोया-पाया समाज सेवा शिविर को दिनांक 16-11-2021 को प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एंव जिलाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना एड० ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेले में स्काउट के समाज सेवा शिविर का उद्घाटन 18-11-2021 को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, मा० केंद्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार) श्री बी०एल० वर्मा, मा० सांसद संघमित्रा मौर्य आदि गणमान्य लोगो ने किया। मेले के दौरान शिविर में राज्य मंत्री शहरी समग्र विकास गरीबी उन्मूलन/सदर विधायक बदायूँ महेश चंद्र गुप्ता ने सेवा कर रहे बच्चो का मनोबल बढाया। शिविर में मुख्य विकास





अधिकारी श्री ऋषिराज आई.ए.एस ने आकर स्काउट्स द्वारा मिट्टी में लगाये गये तम्बुओं व उसकी भव्यता की प्रशंसा की। गंगा महाआरती में भी स्काउट्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डा० वीरपाल सिंह सोलंकी, जिला मुख्यायुक्त ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया।

## जनपद – बरेली




जिला संस्था बरेली द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली और राजकीय बालिका इंटर बरेली की गाइड के द्वारा चौकी चौराहा व पटेल चौक पर लोगों को यातायात नियमों के संबंध में और कोविड-19 के लिए भी जागरूक किया गया।

## जनपद – शाहजहांपुर

श्री सुरेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशों के क्रम में व सुश्री निखत परवीन, सुश्री दपिन्दर कौर, जिला गाइड कैप्टेन के निर्देशों के अनुपालन में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, शाहजहांपुर में तीन दिवसीय गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।





## मण्डल – गोरखपुर

### जनपद – महराजगंज

जनपद महराजगंज के तत्वाधान में आदरणीय जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 23 नवंबर 2021 को साधारण सभा की बैठक का आयोजन हुआ | सहायक जिला कमिश्नर श्री विजय प्रताप द्वारा अध्यक्ष महोदय को बुके प्रदान किये गए | श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने अध्यक्ष महोदय का स्वागत स्कार्फ़ पहनाकर किया | बैठक के महत्वपूर्ण बिंदु पंजीकरण, नवीनीकरण, बालक/बालिकाओं व वयस्क प्रशिक्षण तथा आने वाले समय मे होने वाले कार्यक्रमों का लेखा जोखा परिषद में जिला सचिव श्री संजय मिश्रा जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त द्वारा शासन के आदेशों से परिषद में लोगो को अवगत कराया गया । बैठक के दौरान राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशन में रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति सदन की सहमति से की गई ।जिसमें जिला कमिश्नर कब-सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सदर, जिला कमिश्नर व्यस्क संसाधन श्री अरुण पांडेय, प्रधानाचार्य, जनता इंटर कॉलेज, पुरंदरपुर, जिला कमिश्नर बुलबुल सुश्री सुधा गुप्ता, जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) सुश्री अदिति उपाध्याय को बनाया गया ।



### जनपद – देवरिया



दिनांक 24 दिसंबर 2021 को बाबा राघव दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरिया के शारीरिक शिक्षा विभाग में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रवेश कोर्स शिविर का शुभारंभ किया गया | कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य आदरणीय डॉ0 शरद चंद्र मिश्र ने स्काउट /गाइड झंडा रोहण और सरस्वती प्रतिमा तथा लार्ड बेडेन पावेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने प्रशिक्षणार्थियों को रोवर नियम, झंडा गीत, प्रार्थना, प्राथमिक उपचार, चिन्ह तथा सैल्यूट के संदर्भ में जानकारी प्रदान की। इस शिविर में रेंजर प्रभारी डॉ0 भावना सिन्हा ने बताया कि शिविर में लगभग सभी रोवर्स रेंजर्स ने प्रतिभाग किया जो इस शिविर के बाद निपुण के लिए प्रतिभाग करेंगे। रोवर प्रभारी डॉ0 अभिनव सिंह ने ध्वज शिष्टाचार, टोली विधि तथा मनोरंजक खेल के संदर्भ में रोवर/ रेंजर्स को अवगत कराया।

## मण्डल – देवीपाटन

### जनपद – गोंडा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, देवीपाटन मण्डल की 18 वीं मंडलीय स्काउट और गाइड रैली देवीपाटन दिनांक 8 से 10 दिसम्बर 2021 की अवधि में महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज, बेलसर, गोंडा के क्रीडा प्रांगण में आयोजित की गई |








## मण्डल – सहारनपुर

### जनपद – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जिला संस्था सहारनपुर के तत्वाधान में बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स बी०डी०बाजोरिया इण्टर कालेज, सहारनपुर में आयोजित किया गया |शिविर प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ/प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) द्वारा नियुक्त लीडर आफ द कोर्स रिहाना सुल्तान, किरन शर्मा (मेरठ), राजपाल सिंह पुण्डीर (सहारनपुर) एवं पुष्पकान्त शर्मा (बरेली) के द्वारा सम्पन्न हुआ। शिविर में बी.पी. सिक्स, ड्रिल एवं मार्च पास्ट, आंदोलन की जानकारी, स्काउट प्रार्थना व झण्डागीत, प्रतिज्ञा, नियम व भलाई के कार्य, प्रदेश व जिला संगठन, यूनिट संगठन, विभिन्न ध्वज की जानकारी, चारित्रिक विशेषताएं एवं आवश्यकता, प्राथमिक चिकित्सा, यूनिट लीडर के कर्तव्य व दायित्व खोज के चिन्ह एवं सीटी के संकेत , सामुदायिक सेवा, कैम्पिंग, तम्बू व भोजन बनाना, शिविर उपकरण व गांठे बंधन, प्रशिक्षण के उद्देश्य, स्वास्थ्य व स्वच्छता के नियम, गैजेट्स की जानकारी, सिग्नलिंग, आग जलाना बुझाना, विभिन्न प्रकार के खेल, हाईक आदि विधाओं का प्रशिक्षण माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के शिक्षकों को दिया। शिविर में महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल ने किया। शिविर का निरीक्षण/भ्रमण नगर आयुक्त, सहारनपुर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह (आई०ए०एस०), सँयुक्त शिक्षा निदेशक श्री आर०पी०शर्मा, सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) श्री योगराज सिंह, उप शिक्षा निदेशक श्री उमेद सिंह नेगी, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय श्री विनोद कुमार, मंडलीय कॉर्डिनेटर बेसिक श्री नीरज कुमार आदि अधिकारियों ने किया। इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त सतीश कौशिक, जिला आयुक्त (स्काउट/गाइड) राजीव रंजन, अलका भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा, जिला सचिव सत्यवीर सिंह आर्य, राजसिंह (शामली), अनिल कुमार भारद्वाज, ऊषा तोमर, दीपमाला आदि उपस्थित रहे एवं सहयोग प्रदान किया।





## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – वाराणसी

जनपद वाराणसी में डॉ०विनोद कुमार राय जिला मुख्यायुक्त / जिला विद्यालय निरीक्षक, वाराणसी के निर्देशन में मतदाता जन जागरूकता रैली आयोजित की गई जिसमे जनमानस को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया |




### जनपद – चंदौली



स्थानीय जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज चंदौली मे उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद चंदौली के तत्वावधान में आयोजित पंच दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया |

**लेख एवं कहानियाँ**

## बालक/बालिका स्काउट गाइड क्यों बनें

स्काउट गाइड शिक्षा एक प्रगतिशील स्वशिक्षा है जो स्वयं करके सीखने की विधि पर आधारित है। इसके माध्यम से छोटे–छोटे समूहों अर्थात टोली प्रणाली के माध्यम से कार्य करने का अवसर मिलता है। इसके माध्यम से नेतृत्व क्षमता का विकास जिम्मेदारी की भावना आत्म निर्भरता सहयोग भावना के साथ ही श्रम के प्रति निष्ठा जागृत होती है और यह सब स्वतः होता जाता है।

कार्य की विविधता के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताएं कार्यक्रम निरीक्षण द्वारा अभिरूचि क्षमता में वृद्धि होने का अवसर मिलता है और यह सब आयु वर्ग को ध्यान में रखकर कब बुलबुल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को बाहरी क्रिया कलापों एवं प्राकृतिक वातावरण में अपने स्काउटर गाइडर द्वारा प्रेरणा मार्गदर्शन एवं सुरक्षा प्रदान करते हुए विविध क्रिया कलापों का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण पूर्ण कर लेने पर उनका शारीरिक मानसिक चारित्रिक व नैतिक विकास होता है। विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों के माध्यम से उनमें कौशल वृद्धि होती है तथा वे विभिन्न कौशलों में दक्ष हो जाते है। उनमें आत्मनिर्भरता व दूसरों की सहायता करने का गुण स्वतः विकसित होता है वे स्वयं की क्षमताओं व दक्षताओं को समझकर समुदाय की सेवा में उसका उपयोग करने में सक्षम होते है। हाइक पर्यावरण अध्ययन निरीक्षण से प्रकृति के सौन्दर्य को पहचानने की क्षमता में बृद्वि होती है इसीलिए प्रकृति द्वारा प्रदत्त उपहारों की संरक्षण की प्रकृति विकसित होती है। सार्वजनिक सम्पत्ति को अपनी सम्पत्ति मानते हुए उसके संरक्षण में अपना योगदान प्रदान करते हैं व दूसरों के लिए उपयोगी चीजों को बनाने में सक्षम होते है।

स्काउट गाइड कौशलों में अपने को दक्ष करते हुए जोखिम भरे कार्य में भाग लेकर उनमें साहसिक कार्यो में अभिरूचि पैदा होती है। वे राष्ट्रीय धरोहरों और संस्कृति को अच्छी तरह से समझने में सक्षम होते है व उनके संरक्षण के लिए दृढ संकल्पित होते है।

समग्र रूप में स्काउट गाइड नियम प्रतिज्ञा व इनके कार्य कलापों में सहभागिता व अनुपालन से उनमें विश्वसनीयता वफादारी ईश्वर के प्रति आस्था भाईचारे की भावना विनम्रता प्रकृति प्रेम दूसरों की सेवा व सहायता साहस व मितव्ययिता के साथ ही दूसरें धर्मो के प्रति आदर करने की भावना विकसित होती है और इस प्रकार वे समाज के उपयोगी नागरिक बनते हैं।



**लक्ष्मीकांत शुक्ल**
**लीडर ट्रेनर प्रतिनिधि**



## स्काउटिंग का सक्षिप्त इतिहास

आज विश्व स्तर पर स्काउटिंग आन्दोलन कार्य कर रहा है। इस आन्दोलन के बारे में पूर्ण अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि आन्दोलन के जन्मदाता पर अधिकतम प्रभाव भारत व अफ्रीका के आवास के समय का रहा। भारत की गुरूकुल पद्धति द्वारा शिक्षा प्रदान करना, कुछ घुमक्कड जातियों का अस्थाई आवास बनाकर बिश्राम करना ,सीमित साधनों में भोजन तैयार करना आदि आदि। यह सभी जानने के लिए, हमें स्काउटिंग के सक्षिप्त इतिहास को जानना आवश्यक है।

स्काउटिंग के जन्मदाता रार्बट स्टीफेंशन स्मिथ बैडन पावेल विलक्षण क्षमता के धनी थे। स्काउटिंग के बारे में जानने से पहले आवश्यक है कि इसके जन्मदाता के विषय में कुछ चर्चा कर लें। लार्ड बेडेन पावेल का जन्म 22 फरवरी 1857 ई० में स्टेन होप स्ट्रीट लंदन में हुआ था। मृत्यु 08 जनवरी 1941 ई० कीनिया (अफ्रीका) में हुई थी । इनके पिता गणितज्ञ थे। उनका नाम बेडेन पावेल था। इनकी माता का नाम हेनरीटा ग्रेट स्मिथ था। इनके संबंधी जैसे भाई–मामा आदि सेना में उच्च अधिकारी थे। इनके पिता का साया बचपन में ही इनके ऊपर से उठ गया था। यह एक ऐसे बालक रहे, जो खोज, साहसिक कार्यो में प्रारम्भ से ही रूचि लेते थे। इनका प्रथम प्रवेश डेम स्कूल ऑफ किंगस्टम में हुआ। इन्हें अपने छात्र–जीवन में क्रीड़ा एवं घुड़सवारी से बहुत लगाव था। समय–समय पर यह अनेक शील्ड जीत कर लाए। बचपन से ही यह हसमुँख प्रवृत्ति के थे। वे 30 अक्टूबर 1876 को घुड़सवार पल्टन में प्रवेश पाने के लिए रवाना हुए। प्रारम्भ से ही इनके पास एक डायरी रहती थी, जिसमें वह महत्वपूर्ण घटनाओं का विवरण अंकित करते रहते थे। इनका दैनिक जीवन अत्यधिक नियमित था। दक्षिणी अफ्रीका के विविध युद्धों में इन्होंने भाग लिया तथा सफलता प्राप्त की। इन्होंने अपने जीवन की अनेकानेक घटनाओं में अशांतियों के देश में जो अफ्रीका के पश्चिमी समुद्र तट से लगभग 200 किलोमीटर दूर था, पर विजय प्राप्त की। वहां नर बलि का प्रचलन था तथा प्रत्येक कार्य पर नर बलि देना शुभ माना जाता था। नर बलि को युक्तिपूर्वक रोकने का कार्य हमारे स्काउटिंग के जन्मदाता ने किया। एकबार इन्होंने नारा दिया ''आओ हम सब मिलकर'' चलने–हेतु जंगल साफ करें। और ''आओ यह काम करें।'' सभी के साथ नायक ने भी यह कार्य किया और सफलता प्राप्त की। इन्हें बोअर युद्ध मेफकिंग का घेरा, सिसिल की सूझ–बूझ, मेफकिंग की विजय, भारत भ्रमण आदि ने अत्यधिक प्रभावित किया। बी0पी0 ने 1876 ई0 में लखनऊ में आर्मी आफीसर तैनाती के समय पाया कि अधिकतम व्यक्ति प्राथमिक चिकित्सा एवम कुछ अन्य तकनीकियों से अनभिग्य हैं अतः1896 ई0 में मिलिट्री हैन्डबुक एडस टू स्काउटिंग लिखी। जब बी.पी. सेना में अधिकारी थे उस समय भी देश की सेना के चुस्त व चतुर सैनिकों को स्काउट कहते थे, वह सेना के लिए गुप्त सूचना एकत्र करने का कार्य करते थे। सेना में इन्होंने अनेक प्रयोग किए और एडस टूॅ स्काउटिंग नामक पुस्तक लिखी। वेडेन पावल युद्ध से वापिस गए तो इन्हें ज्ञात हुआ कि इनकी पुस्तक विद्यालयों में सहायक पुस्तक के रूप में लगाई गई है। स्काउटिंग फार ब्यायज 1 मई 1908 ई० में प्रकाशित हुई, रोवरिंग टू सक्सैज, इंडियन मैमोरीज, एडस टू स्काउट मास्टरशिप आदि पुस्तकें भी लिखी। बी.पी. ने अपने बाल्यकाल, युवावर्ग एवं प्रौढ़ावस्था के सभी अनुभवों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि – 'बच्चों को प्रकृति में खुले वातावरण में दिन रात साथ रहकर प्रशिक्षण दिया जाए तो वे समाज के लिए सर्वगुण–सम्पन्न, सक्रिय कार्यकर्ता सिद्ध हो सकते है।'' इसी आधार पर 31 जुलाई से 9 अगस्त 1907 ई० में 20 लड़कों का ब्राउन्सी द्वीप (इंगलैण्ड) में प्रथम प्रयोगात्मक शिविर लगाया। इसके इतने सकारात्मक परिणाम मिले कि बी0 पी0 ने जनवरी 1908 में एक पुस्तक "स्कउटिंग फार ब्यायज" लिखी । इस पुस्तक को अत्यधिक लोकप्रियता मिलने के कारण इसकी रिकार्ड तोड बिक्री हुई। 1909 ई० में क्रिस्टिल पैलेस में 11000 स्काउटस की एक रैली आयोजित की गई। इसमें 11 लडकियॉ स्काउट कैप लगाकर घोडों पर सवार होकर स्वतः अपनी इच्छा से सम्मलित होने लगीं। बी0पी0 ने उनसे मालूम किया कि आप कौन हैं उन्होने बताया कि हम गर्ल्स स्काउट हैं । बी0पी0 ने अपनी बहन एग्नेश को 1910 ई0 में गर्लगाइड के कार्यक्रमों हेतु नामित किया।, 1909 ई० की क्रिस्टिल पैलेस

रैली की इस घटना के बाद गर्ल गाइडिंग वी.पी. की सलाह पर बी0पी0 की बहिन एग्नेस बेडेन पावेल ने शुरू की। जिसकी कमान बाद में लेडी ओलेव पावेल ने सम्भाली, ओलेव गर्ल गाइड की नईचीफ बनी। भारत में स्काउटिंग के प्रथम प्रयास में सन् 1909 में बिट्रिश एवं एंग्लों इण्डियन ब्वाय के लिए बंगलौर, किरकी, शिमला, जबलपुर में स्काउट दल बनाए गये। इनका पंजीकरण ''इम्पीरियल मुख्यालय'' लंदन से कराया गया।

इससे प्रभावित होकर अनेक युवाओं ने स्वयं ही संगठन को बनाने का कार्य शुरू कर दिया। ब्रिटेन के बाद चिली प्रथम देश था जहॉ स्काउटिंग शुरू हुई। 1910ई0 में कनाडा, और संयुक्त राष्ट्र में स्काउटिंग शुरू हुइ। मिस ओलेव सेन्ट क्लेयर सोम्स का जन्म 22–02–1889 में हुआ था। 1912 ई० में बी.पी. का विवाह मिस ओलेव सेन्ट क्लेयर सोम्स से हुआ । मिस ओलेव सेन्ट क्लेयर सोम्स की मृत्यु 25–06–1977में हुई थी। 1914 ई0 के विश्वयुद्ध के कारण इस आन्दोलन में व्यवधान आया, लेकिन उस समय टोली विधि से प्रशिक्षण देना प्रारम्भ कर दिया गया। बच्चों के लिए **रुडयार्ड क्रिप्लिंग** की जंगल बुक की कहानी के आधार पर क्रिया कलाप प्रारम्भ हुए। 1916 में **वुल्फ कब सेक्शन** की शुरूवात हुई। 1917 ई0 में पं0 मदनमोहन मालवीय और श्री हृदय नाथ कुंजरू ने पं0 श्रीराम बाजपेई के सहयोग से उत्तरी भारत में स्काउट संस्था सेवासमिति बनाई, लडकियों के लिए इसे गाइड सेवासमिति कहा जाता था। भारत में चिडियों के जीवन का बिचार अधिक प्रसिद्ध था,इसलिए ब्राउनी पेक को ब्लूबर्ड फलाकस में परवर्तित कर दिया गया था।

Ye India Scout नामक पहली पत्रिका 1911 में निकली जो बाद में The boy scouts Gazette of India के नाम से निकली। बनारस, रायपुर, आदि के साथ–साथ बाल सेवा दल 1913 ई० में प० श्रीराम बाजपेयी ने शाहजहांपरु (उ०प्र०) में खोला।

1916 ई० में इम्पीरियल हेडक्वाटर ने भारतीय लड़कों को स्काउट दल में पंजीकृत होने की अनुमति दी। 1916 ई० में पूना में पहली बार गर्ल स्काउट (गाइड) कम्पनी बनी। बर्ष1918 में रोवर स्काउट शाखा बनी। रोवर्स और रेंन्जरस के लिए दिल्ली में एक राष्ट्रीय सेमीनार 27 से 30 सितम्बर 1964 तक आयोजित हुई उसमें रोवर्स और रेंन्जरस हेतु आयु 18 से 24बर्ष निर्घारित की गई। 1918 ई० में हिन्दुस्तान स्काउट संस्था बनी। 1 दिसम्बर 1918 ई० में सेवा समिति स्काउट संस्था बनी जिसका मुख्यालय इलाहाबाद रखा गया। इसके प्रथम चीफ स्काउट प० मदन मोहन मालवीय, मुख्य आयुक्त श्री हृदय नाथ कुंजरू, मुख्य संगठन आयुक्त प० श्रीराम वाजपेयी बनाऐ गये। प्रथम विश्व जम्बूरी जुलाई 1920 ई० में ओलम्पिया (लंदन) में हुई। 5 फरवरी 1921 ई० को इलाहाबाद में रैली हुई जिसमें विश्व चीफ पधारे थे।

07 नवम्बर, 1950 को भारत में चल रही विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर ''भारत स्काउट और गाइड'' के नाम से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया, लेकिन गर्ल गाइड संस्था 15 अगस्त 1951 ई० को इसमें विलीन हुई, अब भारत में विश्व स्काउट संस्था से स्काउट विभाग तथा विश्व गाइड संस्था से गाइड विभाग पंजीकृत है। लेकिन भारत में स्काउट और गाइड एक साथ मिलकर भारत स्काउट और गाइड संस्था के नाम से कार्य कर रहे है। अन्य किसी प्रकार की संस्था को विश्व संस्था ने मान्यता नहीं दी है।



**सत्यपाल सिंह एल0टी0 (एस)**
एम0एस0सी0 (जन्तु विज्ञान),
एम0ए0 (इतिहास),एम0एड0






**राजेन्द्र सिंह हंसपाल**
एस०ओ०सी०(स्काउट)

## सेवा के सिपाही...........................

भारत स्काउट और गाइड की युवा सदस्यों रेवर्स एवं रेंजर्स द्वारा राष्ट के उत्थान में निरन्तर यागदान दिया जा रहा है। स्वावलम्बन, मितव्ययिता एव सेवा का भाव रोवरिंग/रेंजरिंग का मूल मंत्र है। रोवर्स/रेंजर्स के सिद्धांत सेवा को चरितार्थ करते हुय विगत दो वर्षो में रोवर्स – रेंजर्स द्वारा कोरोना महामारी में जनमानस की सेवा कर अभूतपूर्व काय किया गया है।

15 वर्ष से 25 वर्ष के रोवर्स – रेंजर्स द्वारा प्रगतिशील पाठ्यकम को पूर्ण करते हुय इनके द्वारा प्रवेश,निपुण एवं राज्य पुरस्कार व राष्ट्रपति पुरस्कार तक की तैयारी की जाती है। राज्य पुरस्कार की तैयारी के लिय प्रादेशिक संस्था द्वारा परीक्षा लेकर राज्य पुरस्कार रोवर्स – रेंजर्स के लिय अर्ह प्रतिभागियों को सफल घोषित किया जाता है। तत्पश्चात् राष्ट्रपति रोवर्स – रैंजर्स के लिय तैयारी की जाती है। राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा राष्ट्रपति रोवर्स – रैंजर्स जांच शिविर में इनकी परीक्षा लेकर सफल प्रतिभागियां को अर्ह घोषित किया जाता है।

रोवर्स – रेंजर्स द्वारा उपराष्ट्रपति एवार्ड स्कीम के अंतर्गत अपने यूनिट को पंजीकृत कराते हुए जनपद स्तर पर यातायात व्यवस्था, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रौढ़ शिक्षा अभियान, आपदा प्रबंधन कायकमों में अपना विशेष योगदान प्रदान किया जाता है। रोवर्स – रेंजर्स सेवा के प्रति तत्तपर रहते हुए समाज के उत्थान के लिय सेवा के सिपाही के रूप में अपना यागदान देते हैं।



# विज्ञापन


HARI COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated to : AKTU, Lucknow & BTE, Lucknow | Approved by : PCI, New Delhi
COURSES OFFERED
B.PHARM
D.PHARM
Special Scholarship For Meritorious Students
Website : www.hcop.in | e-mail : haripharmacycollege@gmail.com
website : www.nalandaworldschool.com
NALANDA WORLD SCHOOL
Turning today's learners into tomorrow's leaders
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi Affiliation No. 2133414
NO ADMISSION FEE
PRE-NURSERY TO 9TH & 11TH
JOIN NCC TO SERVE COUNTRY
SCIENCE
COMMERCE
HUMANITIES
4th KM MILESTONE, MALHIPUR ROAD, SAHARANPUR
PHARMACY : 9818096807, 9536000811, 9412233637 | SCHOOL : 9760003520, 9927084746, 9536000810


BHARAT SCOUT AND GUIDE UTTAR PRADESH
State Headquarters : Mahanagar Lucknow
2022
Happy New Year
WWW.BSGUP.ORG

## लीडर ट्रेनर्स ((स्काउट/गाइड) के नाम एवं मोबाइल न०:-

| BHARAT SCOUT AND GUIDE UTTARPRADESH | | | | |
|---|---|---|---|---|
| State Head Quarter, Gol Market, Mahanagar, Lucknow | | | | |
| LIST OF LEADER TRAINERS | | | | |
| S.No | Name | District | S/G Qualification | Mob. No |
| 1 | MR. ANAND SINGH RAWAT | S.H.Q | LT - SCOUT | 9839392275 |
| 2 | MR.ARVIND KUMAR SRIVASTAVA | S.H.Q | LT - SCOUT | 9793142447 |
| 3 | MR.RAJENDRA SINGH HANSPAL | S.H.Q | LT - SCOUT | 9412637298 |
| 4 | MRS.DEVKI SOBHIT | S.H.Q | LT - BULBUL | 9839230311 |
| 5 | MRS.KUSUM MANRAL | S.H.Q | LT - GUIDE | 9795393085 |
| 6 | MRS.KAMINI SHRIVASTAVA | S.H.Q | LT - GUIDE | 9450388399 |
| 7 | MR.HEERA LAL YADAV | S.H.Q (A.S.O.C) | LT - SCOUT | 8795602263 |
| 8 | MR.SURESH PRASAD TIWARI | S.H.Q (A.S.O.C) | LT - SCOUT | 9628663310 |
| 9 | MR.PRADEEP GUPTA | S.H.Q (A.S.O.C) | LT - ROVER | 9450116555 |
| 10 | MR.AVNISH KUMAR SHUKLA | S.H.Q (A.S.O.C) | LT - SCOUT | 9450065869 |
| 11 | MRS.SITARA TYAGI | S.H.Q (A.S.O.C) | LT - GUIDE | 9557210066 |
| 12 | MRS.RAVIENDRA SOKHI | S.H.Q (A.S.O.C) | LT - GUIDE | 9415690093 |
| 13 | MR. GANGA VISHNU PATHAK | KANNOJ | LT - CUB | 9793088193 |
| 14 | MR.V S LAVANIA | AGRA | LT - SCOUT | 9412396659 |
| 15 | MR.RADHEY SHYAM | AGRA | LT - SCOUT | 9456045346 |
| 16 | MR.DAYA SHANKER SHARMA | MATHURA | LT - SCOUT | 9411065551 |
| 17 | DR.RADHEY SHYAM GAUR | MAINPURI | LT - SCOUT | 9456256284 |
| 18 | MRS.KIRAN SHARMA | MEERUT | LT - GUIDE | 9410885432 |
| 19 | MR.SOMENDRA SINGH | MEERUT | LT - SCOUT | 9897005873 |
| 20 | MRS REHANA SULTAN | MEERUT | LT - GUIDE | 9897334294 |
| 21 | MRS.RINKU TOMAR | GHAZAIBAD | LT - RANGER | 9999350240 |
| 22 | MR.RAMKISHAN SHARMA | BAGHPAT | LT - SCOUT | 9395222677 |
| 23 | MRS.ASHA YADAV | KANPUR NAGAR | LT - GUIDE | 9415480813 |
| 24 | MR.SANTOSH KUMAR DIXIT | KANPUR NAGAR | LT - SCOUT | 9450352235 |
| 25 | MRS.NEETA TRIPATHI | KANPUR NAGAR | LT - GUIDE | 8318786616 |
| 26 | MRS.CHAMAN SHUKLA | FARRUKHABAD | LT - BULBUL | 8299884692 |
| 27 | MRS.ADESH GANGWAR | FARRUKHABAD | LT - GUIDE | 7068197043 |
| 28 | MR.SURENDRA YADAV | LUCKNOW | LT - SCOUT | 9415086717 |
| 29 | MRS.POORNIMA SRIVASTAVA | LUCKNOW | LT - GUIDE | 9839730557 |
| 30 | MR.RUPESH KUMAR SHUKLA | RAEBARELI | LT - SCOUT | 9451079262 |
| 31 | MR.SHRI RAM YADAV | RAEBARELI | LT - SCOUT | 9451763133 |
| 32 | MRS.NIRAUPAMA BAJPAI | RAEBARELI | LT - GUIDE | 9450062548 |
| 33 | MRS.SADHNA SHARMA | RAEBARELI | LT - GUIDE | 9532159395 |
| 34 | MR.LAXMI KANT SHUKLA | RAEBARELI | LT - SCOUT | 9415034037 |
| 35 | MR.DINESH KUMAR TRIVEDI | RAEBARELI | LT - SCOUT | 9415740925 |
| 36 | MRS.AMITA SRIVASTAVA | RAEBARELI | LT - GUIDE | 7007636987 |
| 37 | MR.SHIV SHARAN SINGH | RAE BARELI | LT - SCOUT | 9451077349 |
| 38 | MR.KRISHANA KUMAR UPADHYAYA | RAEBARELI | LT - SCOUT | 9450448587 |
| 39 | MRS.NIRMALA DEVI | RAEBARELI | LT - GUIDE | 9415954541 |
| 40 | MRS.ANISA TANVEER | RAEBARELI | LT - GUIDE | 9336001955 |
| 41 | MR.SHATRUGHAN SINGH | RAEBARELI | LT - SCOUT | 9415524348 |
| 42 | MRS.KANTI DEVI GUPTA | RAEBARELI | LT - GUIDE | 9452017109 |
| 43 | MR.DINESH YADAV | UNNAO | LT - SCOUT | 6393189389 |
| 44 | DR. KRISHNA CHANDRA MISHRA | LAKHIMPUR KHIRI | LT - SCOUT | 9935694273 |
| 45 | MR.NAZEER MUQBIL | SITAPUR | LT - SCOUT | 8354808212 |
| 46 | MRS.SATYA PANDEY | BASTI | LT - BULBUL | 9455365584 |
| 47 | MR.DINESH SINGH | AZAMGARH | LT - SCOUT | 9415837989 |
| 48 | DR.SHAFIUZZAMAN | AZAMGARH | LT - ROVER | 9415654620 |
| 49 | MR.SHAMBHU NATH | MIRZAPUR | LT - SCOUT | 9450316743 |
| 50 | MR.KULDEEP SHUKLA | MIRZAPUR | LT - SCOUT | 9369524257 |
| 51 | MRS.USHA KUSHWAHA | PRAYAGRAJ | LT - RANGER | 7985913167 |
| 52 | DR. SHASHI JAISWAL | PRAYAGRAJ | LT - GUIDE | 9452583383 |
| 53 | DR. NASREEN RIZVI | PRAYAGRAJ | LT - GUIDE | 7992247986 |
| 54 | MR.SATYA PAL SINGH | BIJNOR | LT - SCOUT | 9368300703 |
| 55 | MR.SORAN SINGH PARIHAR | BIJNOR | LT - SCOUT | 7906006973 |
| 56 | MS.DAPINDER | SHAHJHANPUR | LT - GUIDE | 841900212 |
| 57 | MS. NIKHAT PARVEEN | SHAHJHANPUR | LT - GUIDE | 8419002127 |
| 58 | MRS.ISHRAT SIDDIQUI | GORAKHPUR | LT - GUIDE | 9554518101 |
| 59 | MR.SATISH KUMAR SRIVASTAV | KUSHINAGAR | LT - SCOUT | 8931076703 |
| 60 | MR.ASHWINI KUMAR PANDEY | KUSHINAGAR | LT - SCOUT | 9450472065 |
| 61 | MR.HARISH CHANDRA SRIVASTVA | MAHRAJGANJ | LT - SCOUT | 9415547975 |
| 62 | MR.DAROGA DWIVEDI | DEORIA | LT - SCOUT | 9450496511 |
| 63 | MR.SANTOSH KUMAR VERMA | MUZAFFAR NAGAR | LT - SCOUT | 8630724223 |
| 64 | MR.KAMAKSHA PRASAD PATHAK | SHRAWASTI | LT - SCOUT | 9336246229 |
| 65 | MR.SUMAN KISHOR TIWARI | UNNAO | LT - SCOUT | 9889903130 |
| 66 | MR. KC SRIVASTAVA | PRAYAGRAJ | LT - SCOUT | 9935045024 |
| 67 | MR. BHARAT BIHARI SRIVASATVA | GORAKHPUR | LT - SCOUT | 9451215926 |
| 68 | MR. PROMOD KUMAR DUBEY | AZAMGARH | LT - ROVER | 9453626418 |
| 69 | MR. SANTOSH KUMAR SINGH | LUCKNOW | LT - SCOUT | 9307261034 |
| 70 | DR. RADHA RAMAN SHARMA | BARELY | LT - SCOUT | |
| 71 | MRS. MITHILESH TRIPATHI | LUCKNOW | LT - GUIDE | 6306425753 |
| 72 | MRS. PRABHA CHOUHAN | KANPUR NAGAR | LT - GUIDE | 9450347665 |
| 73 | MRS. REKHA SHUKLA | GHAZIABAD | LT - GUIDE | 8448938066 |
| 74 | MS. PUSHPA BORA | GHAZIABAD | LT - GUIDE | 8126209661 |
| 75 | MRS VEENA KUSHWAHA | UNNAO | LT - GUIDE | |
| 76 | DR. ANURADHA SINGH | MATHURA | LT - GUIDE | 9412195767 |
| 77 | MRS.MITHILESH KUMARI | MATHURA | LT - GUIDE | 9456257088 |
| 78 | MS. MADHU PARIKH | VARANASI | LT - GUIDE | 9935614074 |
| 79 | MR. RADHE SHYAM | AGRA | LT-SCOUT | 9456045346 |

# Glimpses of Various Activities

## स्काउट की तरफ से गृहमंत्री और मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत




### सांसद खेल महाकुम्भ

बस्ती(ब्यूरों)। उत्तर प्रदेश भारत और गाइड की तरफ से सांसद खेल महाकुम्भ के उद्घाटन समारोह में आये मुख्य अतिथि गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्वागत स्काउट गाइड की तरफ से जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट कुलदीपसिंह ने किये, माननीयों के आगमन पर व्यवस्था सम्बंधित योगदान स्काउट गाइड वालंटियर्स द्वारा किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, अमित कुमार शुक्ल डी ओ सी, सरोज सिहं गाइड कैप्टन, अमरचंद वर्मा, ट्रेनिंग काउसलर रामकुमार निषाद, नेहा गुप्ता, राजमन शर्मा, राम सुधाकर पाण्डेय, शालिनी गुप्ता, शबनम कुरैशी, सचिन यादव, संकल्प श्रीवास्तव, शायमा, सुम्बुल, मनिषा, नुरसबा, सुष्मिता, अखिलेश प्रजापति,निखिल चौधरी, हरिओम आदि की सहभागिता रही, जी आर एस इंटर कॉलेज, के आई सी , मुडेरवां इंटर कालेज, डारीडीहा कलवारी से स्काउट,बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज से, पाडेय कन्या इण्टर कॉलेज से, आर्य कन्या से,ए पी एन से रोवर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरसिया के स्काउट गाइड की सहभागिता रही।

## शिक्षा मंत्री ने स्काउट गाइड का बढ़ाया हौसला



### बाल क्रीड़ा समारोह

बस्ती( ब्यूरों )। मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मंडल बस्ती का जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धार्थ नगर में जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्र नाथ उपाध्याय,घनश्याम सिंह एवं सीमा द्विवेदी के संयोजन में आयोजित हुआ, बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी, एडी बेसिक डॉ सत्यप्रकाश त्रिपाठी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जिला स्काउट मास्टर सिद्धार्थनगर महेश कुमार एवं जिला स्काउट मास्टर बस्ती कुलदीप सिंह के नेतृत्व में कलर पार्टी ने शिक्षा मंत्री जी का स्वागत किया,जनपद के विभिन्न ब्लाकों के स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन के सहयोग से कुल 128 स्काउट गाइड ने मार्च पास्ट एवं सलामी देते हुए रैली की भभ्यता बढ़ाई,शिक्षा मंत्री ने स्काउट गाइड टीम के साथ सेल्फी लेकर स्काउट गाइड टीम की हौसला अफजाई किया, स्काउट टीम को एडी बेसिक सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया, इस अवसर पर जिला गाइड कैप्टन लीडर ट्रेनर सत्या पाण्डेय, रेनू अग्रहरि, कुलदीप कुमार, जितेंद्र, अर्चना, इफ्तेखारुलनिशा आदि उपस्थित रहे।

## शिविर से बच्चों में जागृत होती है स्वावलंबन की भावना

**जागरण संवाददाता, भलुअनी:** श्रीकृष्ण शिक्षण संस्थान इण्टरमीडिएट कालेज में बुधवार को स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड को देश प्रेम व सामाजिक सेवा के गुर सिखाए गए।

मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के जिला मुख्यायुक्त डा. मिथिलेश सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य है। सेवा भावना शिविर से बच्चों में साहस व स्वावलंबन की भावना जागृत होती है। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य गोविन्द तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शरीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतिभा निखर कर जिला, प्रदेश,देश सत्तर पर जाने का भी



त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काउट-गाइड से संवाद करते जिला मुख्यायुक्त डा. मिथिलेश सिंह • जागरण

शैलेंद्र यादव ने बच्चों को विषम परिस्थितियों में अस्थायी टेंट सेवा करने स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देश प्रति जज्बा आदि की जानकारी दी।

इस दौरान गोमती ओझा, अनिरूद्ध सिंह, देवेन्द्र पाठक, केशव प्रसाद, शर्मा, रामानंद शाही, शमशाद अंसारी, रवि प्रकाश, प्रमोद सिंह, सरिता प्रसाद, प्रियंका मिश्रा, अनुपमा मिश्रा, निरंजनी पाठक, श्वेता सिंह, शशि तिवारी, ज्योति दुबे, सीमा सिंह, सुनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र के रामधारी पांडेय इंटर काले पगरा में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को समाप सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हुआ।

डा.मधुसूदन त्रिपाठी ने कहा f स्काउटसंस्कार युक्त शिक्षा व मार्ग प्रशस्त करता है। यह संस्क एवं स्वालंबन की पाठशाला । स्काउट-गाइड के प्रतिज्ञा ए नियमों को जीवन में उतारकर क छात्र आगे बढ़ते हैं। विद्यालय व छात्रा सोनम, जैनब खातून, अजह संध्या, सिम्पल, मुजाहिद, पव परवेज, डिम्पल,अच्छेलाल आदि सामाजिक सरोकार पर सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवस पर प्रधानाचार्य सत्येंद्र प्रसाद, कौश अशोक भारती, दिलीप सि न प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण से देश प्रेम की भावना जागृत होता है : दरोगा दुबे

डाबरा समाचार नेटवर्क

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में बूआईटी कॉलेज आफ एजुकेशन घटाई लालाजी में बी० एड० प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दिनांक 17 नवंबर से 21 नवंबर 2021 के बीच आयोजित किया गया।

शिविर के समापन के अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ० अवधेश तिवारी ने कहा कि स्काउट /गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में चरित्र निर्माण, सेवा भाव और समर्पण की भावना पैदा करता है, साथ ही प्रतिभागियों में स्वावलंबन की भावना पैदा करता है। इस तरह के प्रशिक्षण से युवाओं में



साथ देश प्रेम की भावना को जागृत करता है, साथ ही उनके अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षक अजीत तिवारी के नेतृत्व में ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। पांच दिवसीय प्रशिक्षण संदर्भ में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी प्रदान किया साथ ही उन्होंनि दो शिष्टाचार के संदर्भ में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया।

शिविर संचालक श्री दारोगा द्विवेदी ने प्रतिभागियों को नैतिक मूल्य के संदर्भ ार से जानकारी प्रदान की। डॉ० मिश्रा ने कहा कि स्काउटिंग

### पांच दिवसीय इंट्रोडक्टरी स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

देवरिया बाबू बैजनाथ सिंह महाविद्यालय मइल में पंच दिवसीय इंट्रोडक्टरी कोर्स 16 नवंबर से 20 नवंबर 2021 तक चला । शिविर का संचालन श्री दरोगा द्विवेदी जिला प्रशिक्षण आयुक्त के नेतृत्व में चला । जिला प्रशिक्षक श्री ऋतुराज कुशवाहा और श्री बृजेश सोनकर ने नियम ,प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, प्राथमिक चिकित्सा ,शिविर जीवन, कैंप क्राफ्ट, बाए हाथ मिलाना, सैल्यूट, फ्री विंग मी, मैसेंजर आफ पीस, ध्वज शिष्टाचार, समारोह आयोजन, प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला। शिविर के समापन में समस्त छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने विषम परिस्थितियों

## ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स






लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय में रेंजर्स रोवर्स इकाइयों के प्रारंभ पर पहला इंटरैक्टिव ओरिएंटेशन प्रोग्राम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति विनय कुमार पाठक द्वारा दी गई 'सेवा की भावना' को ध्यान में रखते हुए, कार्यक्रम का आयोजन रोवर्स रेंजर्स क्लब के समन्वयक डॉ जावेद अख्तर, डॉ शारिक, सहायक समन्वयक डॉ सिद्धार्थ सुदीप द्वारा किया गया। प्रभारी रोवर्स और डा अमीना हुसैन, प्रभारी रेंजर् प्रो सैयद हैदर अली (डीएसडब्ल्यू), एवं संकाय और कला के डीन, प्रो मसूद आलम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिथि वक्ता, सुश्री कामिनी श्रीवास्तव, जो भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, उत्तर प्रदेश की राज्य आयोजन आयुक्त हैं, ने छात्रों को स्काउट कार्यक्रम के आदर्श वाक्य और अभ्यास से अवगत कराया। श्री अदनान हाशमी, सहायक राज्य आयोजन आयुक्त और प्रशिक्षक ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में छात्रों को संबोधित किया। उन्हें रोवर्स-रेंजर्स क्लब की कई गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित किया। समग्र विकास और आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय भविष्य के लीडर के निर्माण में छात्रों के कौशल और प्रतिभा को निखारने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

## छात्रों ने सीखा विषम हालात में रहना, खाना

मलांव उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्काउट गाइड प्रशिक्षण का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

उन्नाव। नवाबगंज ब्लॉक के मलांव उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्काउट गाइड कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्रों को गठबंधन, सिद्धांत, झोपड़ी, तंबू व बिना बर्तन के भोजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला स्काउट गाइड कैप्टन सोनू सिंह ने बताया कि स्काउट सेवा का रंगमंच मानवता का प्रवेश द्वार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियम, प्रतिज्ञा, गठबंधन, सिद्धांत, तंबू, रस्सी व लकड़ी की मदद से पुल और फूस की झोपड़ी बनाने व विपरीत परिस्थितियों में बिना बर्तन के भोजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम संयोजक शिवशंकर उत्तम ने कहा कि बच्चों को मेहनत



मलांव स्कूल में स्काउट गाइड प्रशिक्षण के दौरान घासफूस से झोपड़ी तैयार करते छात्र। संवाद

और लगन से पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों पर जोर देने की बात कही। प्रशिक्षण में पहुंचे बीईओ राकेश कुमार का कलर पार्टी के बच्चों ने स्वागत किया। इस दौरान रवि प्रताप सिंह, सपना शुक्ला, विनोद संखवार, शिवनारायण दीक्षित, सुनीति यादव, मुसर्रत फातिमा, नूरजहां, प्रधान शिक्षिका अरुणलता उपस्थित रहीं।

## स्काउट गाइड ने निकाली मतदाता जागरूकता अभियान रैली



रास्ट्रीय त्याग आबिद हुसैन सासनी

सासनी। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जनपद हाथरस के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक रितु गोयल के निर्देशन में बांग्ला इंटर कॉलेज मे तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त स्काउट एवं गाइड के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ एसडीएम राजकुमार सिंह एवं बीएसए रितू गोयल व राजेश प्रजापति सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर अलीगढ़ मंडल प्रधानाचार्य राजेश शुक्ला के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। शुक्रवार को निकाली गई रैली में प्रशिक्षक मंडल में धीरेंद्र प्रताप सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट,सोनाली वार्ष्णेय, जिला संगठन आयुक्त गाइड व विकास कुमार द्वारा प्रशिक्षण के तीसरे दिन आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक चिकित्सा सहायता की जानकारी दी। जिसमें पट्टियां बांधना, बेहोश व्यक्ति को तत्काल प्राथमिक उपचार देना, गांठ बांधना, स्ट्रेचर द्वारा रोगी को चिकित्सालय पहुंचाना और विभिन्न प्रकार के रस्सी गांठ को बांधने के तरीको की जानकारी दी गई इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के यूनिट प्रभारी श्री संजीव कुमार,जसराम सिंह,कैप्टन में कंचन रानी चतुर्वेदी, श्रीमती कमलेश यादव, राजवती,सुश्रीआसमा, इकबाल,अर्चना मिश्रा,जीनत आदि का सहयोग रहा।

# Glimpses of activates



## स्काउट गाइड संस्था ने मनाया स्थापना दिवस

शिकोहाबाद (सच कहूँ न्यूज)। स्काउट गाइड जिला संस्था ने रविवार को कोमल ग्रुप ओपन यूनिट कार्यालय आदर्श कृष्ण महाविद्यालय शिकोहाबाद पर स्काउटिंग का स्थापना दिवस मनाया गया। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट आनंद बाबू ने बताया कि स्काउटिंग का जन्म 1907 में हुआ। भारत में केवल अंग्रेजी बच्चे स्काउट गाइड में प्रतिभा करते थे, लेकिन 1913 में पंडित श्रीराम बाजपेई ने बच्चों के छोटे-छोटे समूह बनाकर शुरुआत की। भारत में विभिन्न नामों से दल खोले जाने लगे। सभी दलों को आपसी सहमति बनाकर 7 नवंबर 1950 को भारत स्काउट गाइड एसोसिएशन की स्थापना की गई। तभी से 7 नवंबर को भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के रूप में मनाते चले आ रहे हैं।

जिला सचिव डॉ सहदेव सिंह चौहान ने स्थापना दिवस पर जिले में स्काउट गाइड के माध्यम से किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। जिले में पराली जलाने पर स्काउट गाइड ने उसके दुष्परिणाम के बारे में किसानों को बताना और कोरोना काल में स्काउट गाइड के जरिए मास्क वितरण, भोजन वितरण आदि कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर आशीष, राज कुमार, विकास, देवकांत, कृष्णा, सोनू, रौनक, मनीष, अभिषेक और गाइड प्रिया, संध्या, रोशनी, ज्योति शर्मा, स्नेहा कुमारी, सीतांक्षी, मोनिका आदि उपस्थित रहे।














This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here....


Please Visit & Share Our Website

**www.bsgup.org**


## OUR SOCIAL ACCOUNTS



**Like our FB Page**
facebook.com/bsgup.org



**Share & Subscribe our Youtube Channel**
bsgup




**Follow our Instagram Page**
instagram.com/bsgup/



**Tweets @ BSGUP**
twitter.com/bsgup

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,